नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## वार्षिक वृत्तांत

(अप्रैल 2023 – मार्च 2024)



# संपादक की कलम से

प्रत्येक वर्ष की भाँति यह वर्ष भी अपने साथ लेकर आया कई उपलब्धियां, नवाचार, नवीन उपकर्म और अनेक प्रयोजन व साथ ही थे उत्सव, उल्लास भरी गतिविधियाँ और समारोह।

इस वर्ष का सबसे आनंदित करने वाला उत्सव था सोसाइटी की 11वीं वर्षगांठ का आयोजन। 18 फरवरी को दिल्ली में आयोजित हुए इस सौम्य समारोह की शोभा बढ़ाने पहुंचे उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट–जनरल (सेवानिवृत्त) श्री गुरमीत सिंह, द हंस फाउंडेशन से पूज्य माता श्री मंगला जी, श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी जी, RSS के श्री सुहास राव हिरेमठ जी व कई अन्य गणमान्य जन एवं विभूतियाँ। सेवा भाव और धर्मार्थ भंगिमा से भरपूर इस कार्यक्रम में सोसाइटी द्वारा उन डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने निःस्वार्थ सेवाभाव से हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालयों में अपनी अमूल्य विशेषज्ञता और सेवाएं प्रदान करी और हमें कृतार्थ किया। साथ ही सोसाइटी के द्वारा उनके CSR दानदाताओं का भी आदर किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट स्वरुप दीए गए।

एक आयोजन जिसने हमारे आतिथ्य और साहचर्य के सामर्थ को परखा, वह था सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय द्वारा सेवांकुर भारत संस्था के 300 से भी अधिक सदस्यों का अतिथि सत्कार। सेवांकुर भारत मेडिकल छात्रों से जुड़ा एक पूरी तरह से गैर–राजनीतिक संगठन है और अपने देश सेवा के कार्यक्रम "वन वीक फॉर नेशन" के तहत इस वर्ष 26 मार्च को एक सप्ताह के लिए हमारे यहाँ पहुंचा। अपने इस प्रवास के दौरान, इस दल ने सोसाइटी की धर्मार्थ सेवा यात्रा के बारे में जाना व अनुभव भी किया और साथ ही देहरादून जिले के जनजातीय, दुर्गम और पहाड़ी गांवों का भ्रमण किया, स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर लगाए, स्थानीय लोगों के साथ मिल कर उनकी संस्कृति व विरासत के बारे में जाना और व्यंजनों का स्वाद चखा और उनके साथ भी रहे।

22 जनवरी 2024 को सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों ने अनुष्ठान करके श्री राम लला के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह को पूरी दिव्यता और उत्साह के साथ मनाया और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद लिया। इस पवित्र अवसर से पहले एक सप्ताह तक चलने वाला "अक्षत वितरण कार्यक्रम" आयोजित किया गया था, जहां हमारी टीमें पवित्र "अक्षत" के वितरण के साथ–साथ ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निमंत्रण देने के लिए हमारे चिकित्सालयों के आस पास के क्षेत्रों में निकलीं।

उत्तराखण्ड के चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सोसाइटी ने "चार धाम साथी" नामक मोबाइल ऐप को लॉन्च कर एक और उपलब्धि प्राप्त करी। इस ऐप का उद्घाटन 27 अप्रैल को उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह द्वारा किया गया और यह ऐप SVHM सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों, आपातकालीन संसाधनों और चार धाम यात्रा के लिए यात्रा की तैयारी की समस्त जानकारियां एक–क्लिक में प्रदान करता है।

एक और गर्व का क्षण तब था जब भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की श्री बद्रीनाथ धाम यात्रा के दौरान उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने हमारे श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय को एक अधिकृत सुविधा (सेफ हाउस) के रूप में चिन्हित कर हमें अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया।

मनेरी में सोसाइटी द्वारा संचालित डॉ. नित्यानंद चिकित्सालय को उत्तरकाशी शहर में एक बड़े परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे इसकी सेवाओं में विस्तार हुआ और क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि भी हुई।

उसैनी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित के एस चैरिटेबल हॉस्पिटल सोसाइटी के साथ आ गया और इस प्रकार हमारे चिकित्सालयों की संख्या बढ़कर 13 हो गई।

प्रभु श्री राम का आशीर्वाद और हमारे सभी शुभचिंतकों और संरक्षकों का अविरल समर्थन हमें सदैव प्राप्त होता रहे, इस आशा के साथ की अगला वर्ष सोसाइटी के लिए और अधिक गौरव लेकर आएगा, मैं अपनी बात यहाँ पूर्ण करता हूँ एवं सबके मंगल की कामना करता हूँ।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

## अंक विशेष

03
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय

04-09
11वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

10
CSR विजिट्स

11-12
सेवांकुर भारत

13-15
चार धाम सेवाएँ

16-17
धर्मावाला – अति विशिष्ट मेगा शिविर

18
सर्जरी शिविर

19-20
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

21-22
सामुदायिक कार्यक्रम

23
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

24-25
समारोह एवं पर्व

26-28
आंकड़ें

29
सोसाइटी संचालन समिति

30
भावी परियोजनाएं एवं वित्तीय विवरण

संपादकीय एवं रूपांकन समिति
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय


धर्मावाला
सितम्बर 2012


उत्तरकाशी
दिसम्बर 2016


नारायणकोटी
मई 2017


बड़कोट
सितम्बर 2017


पीपलकोटी
जनवरी 2018


श्री बद्रीनाथ धाम
मई 2019


पेटशाल
जुलाई 2019


श्री केदारनाथ धाम
सितम्बर 2019


हरिद्वार
जनवरी 2021


गंगोत्री धाम
सितम्बर 2021


डुमेट
दिसम्बर 2021


दिल्ली
सितम्बर 2022


फिरोजाबाद
फरवरी 2024

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गो में, चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24x7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में नि:शुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 13 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# 11वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

## 18 फरवरी, डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली




ले. जन. (से.नि.) गुरमीत सिंह, माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड; पूज्य माता श्री मंगला जी, द हंस फाउण्डेशन; श्री ईश्वरी प्रसाद नम्बूदरी, मुख्य पुजारी, श्री बद्रीनाथ धाम; श्री सुहासराव हीरेमठ, वरिष्ठ प्रचारक, RSS; डॉ. राकेश त्यागी, अध्यक्ष, SVHM सोसाइटी

सोसाइटी की 11 वर्षों की सेवा यात्रा– समारोह में देश की राष्ट्रपति माननीया द्रौपदी मुर्मू जी के स्नेह पत्र का भी पाठ हुआ जिसमें आदरणीया महामहिम ने संस्था के वार्षिकोत्सव के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। साथ ही, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने सोसाइटी की सराहना की।

दिव्यता एवं श्रद्धा से परिपूर्ण इस आयोजन में सोसाइटी द्वारा निःस्वार्थ भाव से हमारे चार धाम चिकित्सालयों में सेवा प्रदान करने वाले परहितकारी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उन कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने CSR दायित्व के अंतर्गत सोसाइटी को दान देकर अनुगृहित किया, सोसाइटी द्वारा इन सभी को भी स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल द्वारा सोसाइटी के "चार धाम साथी ऐप" के 2.0 संस्करण को भी लांच किया गया।



दीप प्रज्जवलन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

27 अप्रैल, देहरादून

# सोसाइटी के ''चार धाम साथी-1.0'' ऐप का शुभारंभ

### महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया "चार धाम साथी-1.0" मोबाइल ऐप का शुभारंभ

"चार धाम साथी–1.0" ऐप सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों, आपातकालीन संसाधनों व चार धाम यात्रा के लिए तैयारी एक–क्लिक में प्रदान करता है। उपयोगकर्ता अपने निकटतम स्थानीय सोसाइटी चिकित्सालयों की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त कर सकते हैं। उपयोगकर्ता सोसाइटी से संबंधित विशिष्ट जानकारी, संचालित चार धाम चिकित्सालयों के अतिरिक्त हमारे अन्य चिकित्सालयों के बारे में भी जान सकते हैं। इस एप्लिकेशन को उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट–जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह द्वारा राजभवन में सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्यों और डेवलपर्स की उपस्थिति में 27 अप्रैल को लॉन्च किया गया था। ये एक सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल ऐप है, जिसमे सोसाइटी के विभिन्न चिकित्सालयों के संपर्क नंबर और रूट मैप को गूगल मानचित्र सहित दर्शाया गया है।



"चार धाम साथी ऐप-1.0" का शुभारंभ




चार धाम साथी ऐप-1.0 डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें

4 अप्रैल, उत्तरकाशी

# श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय, उत्तरकाशी का उद्घाटन

### संत वेदानंद जी महाराज द्वारा बहुमूल्य सहयोग

सोसाइटी ने श्री भृगु आश्रम प्रबंधन के बहुमूल्य सहयोग से अपने मनेरी चिकित्सालय को श्री महर्षि भृगु आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी में एक बड़े परिसर में स्थानांतरित किया। इस प्रकार इस क्षेत्र की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता पूरी हो रही है। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से संत वेदानंद जी महाराज (अध्यक्ष – श्री विष्णु नमन भृगु सत्संग एवं मेडिकल ट्रस्ट), संत आचार्य विष्णु तीर्थ जी महाराज (वेदाचार्य – सोम आश्रम, उत्तरकाशी), श्री सुरेश चौहान जी (विधायक, उत्तरकाशी), श्री गुलाब सिंह नेगी जी (विभाग संघ संचालक, टिहरी क्षेत्र), डॉ नकुल उपाध्याय (प्रभारी, उत्तरकाशी चिकित्सालय), डॉ रमेश चंद्र सिंह पंवार जी (CMO, उत्तरकाशी), डॉ अनिल भट्ट (गुर्दा रोग विशेषज्ञ) रहे। इसके अतिरिक्त उत्तरकाशी जिला चिकित्सालय के कई चिकित्सक, 125 से अधिक संत, स्थानीय नागरिक एवं SVHM टीम के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।




SVHM सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल सभा को संबोधित करते हुए

**7-9 अप्रैल, जयपुर**

# राष्ट्रीय सेवा संगम में सोसाइटी की भागीदारी

**इस वर्ष 7 - 9 अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा संगम का पंचवार्षिक समागम जयपुर में आयोजित किया गया।**

इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य एक समरस, सक्षम, स्वावलंबी समाज की रचना और एक समृद्ध भारत का निर्माण करना था।

इसमें राष्ट्रीय सेवा भारती से जुड़े विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों में एक समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने का प्रयास करने का उद्देश्य था।

सोसाइटी ने इस समागम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनेक पोस्टर और प्रकाशनों का प्रदर्शन किया, और हमारे स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ी।

हमारी संस्था के धर्मार्थ प्रयासों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए अनेक प्रतिनिधियों ने स्टाल पर संपर्क किया।




SVHM सोसाइटी के स्टॉल की झलक

**19 अप्रैल, दिल्ली**

# SVHM सोसाइटी द्वारा AIIMS Delhi में अपने चार धाम हॉस्पिटल्स के चिकित्सीय अनुभव साझाकरण कार्यशाला

सोसाइटी को AIIMS दिल्ली द्वारा दो संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर विचार विमर्श करने तथा सोसाइटी के high altitude रोगों में उनके अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों में अत्यधिक ऊंचाई से सम्बंधित व अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के उपचार में अपने अनुभव, तकनीकी जानकारी और कौशल को साझा किया गया। सोसाइटी उत्तराखण्ड राज्य के चार धामों में से तीन में पूरी तरह से निःशुल्क धर्मार्थ, ICU सुसज्जित चिकित्सालय चला रही है। इस सेमिनार में सोसाइटी के चिकित्सकों की टीम व AIIMS (दिल्ली) की ओर से प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ के पी कोचर और अन्य AIIMS संकाय के सदस्य उपस्थित रहे। सेमिनार का आयोजन फिजियोलॉजी विभाग द्वारा किया गया।



डॉ चन्दन सोसाइटी के अनुभव साझा करते हुए

**3- 4 जून, हरिद्वार**

# SVHM वार्षिक परिवार मिलन

सोसाइटी ने COVID वैश्विक महामारी के कारण स्थगित हुए अपने वार्षिक पारिवारिक मंगलमिलन कार्यक्रम का यादगार आयोजन तीन वर्षों के अंतराल के बाद पवित्र नगरी हरिद्वार में किया। इसका उद्देश्य अपने सदस्यों को एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, बाहर घूमने और मेलजोल बढाने का अवसर प्रदान करना था। सदस्यों ने आराम का अनुभव किया, सहज हुए और रोगियों, जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने के मार्ग पर आगे बढ़ने हेतु पुनः ऊर्जावान हो गए। इस आयोजन का सर्वोच्च क्षण डॉ. कृष्ण गोपाल जी द्वारा एक प्रेरक संबोधन था, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हमारा मार्गदर्शन किया और आगे भी समर्पित सेवा भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।



हम साथ-साथ हैं

**स्पाइन विभाग, धर्मावाला**

# नए कीर्तिमान रचता हुआ धर्मावाला चिकित्सालय का स्पाइन विभाग

एक निरुपम उपलब्धि जो की बड़े–बड़े स्पाइन केन्द्रों को भी मात दे रही है!

रीढ़ हमारे शरीर का एक अनिवार्य और बहु कार्यात्मक स्तंभ है अर्थात  स्वस्थ जीवन व्यापन करने हेतु स्वस्थ रीढ़ का होना नितांत आवश्यक है। रीढ़ की हड्डी की चोटें और विकार/अक्षमता से प्रभावित होने वाले अक्सर कमाऊ युवा होते हैं, जिन्हें इसके कारण अक्सर कई दिनों तक काम से छुट्टी लेनी पड़ती है और परिणाम स्वरुप पूरे परिवार को आर्थिक के साथ–साथ मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। प्रारंभिक और सटीक निदान के साथ–साथ त्वरित और सटीक उपचार पीड़ा, अपंगता और भविष्य में होने वाली कई दिक्कतों से बचाव कर सकते हैं। रीढ़ की हड्डी के रोगों के प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले निदान और उपचार के तौर–तरीके अधिकतर प्रौद्योगिकी और प्रत्यारोपण वाले होते हैं और इसमें रोगियों के लिए उच्च लागत शामिल होती है व हमारे देश में अधिकांश लोग यह वहन करने में अक्षम होते हैं।



सर्जरी होती हुई व neuromonitoring मशीन

**30 सितम्बर – उत्तरकाशी**

# अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन समारोह

'मां गंगा' के आशीर्वाद व संतों, उत्तरकाशी के DM श्री अभिषेक रुहेला जी, CMO डॉ आर.सी.एस. पंवार जी, डॉ अनुज और डॉ. ताराश्री जी व अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में व अनुष्ठानों के बीच उत्तरकाशी चिकित्सालय में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस प्रकल्प से क्षेत्रवासियों की काफी लम्बे समय से चली आ रही ऐसी सुविधा की मांग पूर्ण हो गयी।

यह अल्ट्रासाउंड मशीन स्वामी बोधानंद जी महाराज की प्रेरणा से गोरखपुर निवासी डॉ विक्रांत अग्रवाल व उनकी डॉक्टर्स की टीम के संयुक्त योगदान द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।



विधिवत उद्घाटन

**9 अक्टूबर, धर्मावाला, देहरादून**

# UJVN Limited के सौजन्य से एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम का उद्घाटन

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन UJVN LIMITED के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संदीप सिंघल, डायरेक्टर ऑपरेशन श्री पुरुषोत्तम सिंह, जनरल मैनेजर श्री विवेक आत्रेय, मेडिकल डायरेक्टर धर्मावाला चिकित्सालय डॉ प्रमोद शर्मा एवं सचिव, SVHM सोसाइटी डॉ अनुज सिंघल के करकमलों द्वारा किया गया।



UJVNL के MD श्री संदीप सिंघल द्वारा दीप प्रज्जवलन

**27 अक्टूबर, धर्मावाला, देहरादून**

## दन्त चिकित्सा विभाग में सॉफ्ट टिशू लेजर मशीन का लोकार्पण

साधना केंद्र आश्रम डुमेट के सौजन्य द्वारा उपलब्ध करायी गयी इस आधुनिक व नवीनतम दन्त चिकित्सा के उपकरण का विधिवत पूजन व उद्घाटन साधना केंद्र आश्रम डुमेट के पूज्य संत श्री प्रेम विवेकानन्द जी के करकमलों द्वारा किया गया।

इस सॉफ्ट टिशू लेजर मशीन से कई दन्त चिकित्सा की प्रक्रियाओं में रक्तस्राव को कम करने में सहायता मिलेगी।

पूज्य स्वामी जी ने सभी को यही आशीर्वाद दिया की यदि हम प्रत्येक उपकरणों का सम्मान करेंगे तो ये भी हमारी सहायता करेगें एवं साथ देंगे इसलिए हमें हमेशा इनका सम्मान व आदर करना चाहिए।



**18 नवम्बर, धर्मावाला, देहरादून**

## आगरा नगर समिति (अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम) के प्रमुख कार्यकर्ताओं की 'वनयात्रा'

18 नवम्बर, धर्मावालाः समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं का एक 22 सदस्यीय शिष्ट मंडल अपने कार्यदर्शन के लिए "वनयात्रा" के अंतर्गत देहरादून स्थित धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आया। इन कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए डॉ अनुज व डॉ ताराश्री ने सोसाइटी के द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी साझा करी।

तत्पश्चात् मंडल के सदस्यों ने धर्मावाला चिकित्सालय का भ्रमण कर सुविधाओं की जानकारी ली व हमारे प्रकल्पों की भूरी–भूरी प्रशंसा करी। रात्रि प्रवास के लिए यह मंडल बुक्सा जनजाति बहुल ग्राम झाड़ोवाला में अपने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचा जहां पारंपरिक रीति–रिवाज अनुसार इनका स्वागत सत्कार हुआ।



**16, 17 दिसम्बर, धर्मावाला, देहरादून**

## धर्मावाला चिकित्सालय के भगन्दर एवं गुदा रोग चिकित्सा शिविर में पद्मश्री प्रो. श्री मनोरंजन साहू जी का अमूल्य अवदान

चिकित्सालय में आयोजित हुए इस विशेष भगन्दर एवं गुदा रोग चिकित्सा शिविर में पद्मश्री प्रो. श्री मनोरंजन साहू की उपस्थिति सोसाइटी के लिए एक अत्यंत गौरवमय क्षण थी। BHU वाराणसी आयुर्वेद संकाय के पूर्व प्रमुख, शल्य चिकित्सा विभाग के पूर्व अध्यक्ष और क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ प्रो. मनोरंजन साहू ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी और हमें अनुगृहित किया।

इस शिविर में प्रख्यात गुदा रोग आयुर्वेद शल्य चिकित्सक डॉ विनोद गुप्ता जो गत 5 वर्षों से धर्मावाला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं का भी अमूल्य योगदान रहा।

इस शिविर में भगन्दर, अर्श (बवासीर), परिकर्तिका (फिशर), महिलाओ में प्रसव उपरांत गुदा समस्या, गुदा कि संकीर्णता आदि जटिल ऑपरेशन किये गए।



## 27 जनवरी, दिल्ली

# डॉ. अनुज उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

27 जनवरी को SVHM सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल को Mediways foundation के द्वारा Healthcare Horizons के तहत चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ अनुज को यह सम्मान स्वास्थ्य व सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।




## 22 फरवरी, फिरोजाबाद

# SVHM सोसाइटी के चिकित्सालयों की संख्या हुई 13

सोसाइटी के धर्मार्थ चिकित्सालयों की संख्या बढ़कर 13 हो गयी जब दिनांक 22 फरवरी को उसैनी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित के एस चैरिटेबल हॉस्पिटल सोसाइटी के साथ जुड़ गया।

इस शुभ अवसर पर संत प्रवर श्री विजय कौशल जी महाराज डॉ कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, RSS, डॉ अनुज सिंघल, सचिव, SVHM सोसाइटी व अन्य गणमान्यजण उपस्थित रहे।



# प्रवास विशेष



3 अक्टूबर, श्री बद्रीनाथ धामः श्री ए गोपाल कृष्ण जी (अखिल भारतीय संयोजक, सीमा जागरण मंच)



10 अक्टूबर, धर्मावालाः पूज्य श्री अतुल भारद्वाज जी (राम कथा वाचक)

दिनांक 22 जनवरी को हरिद्वार चिकित्सालय में पूज्य माता श्री मंगला जी व भोले जी महाराज का आगमन हुआ। पूज्य माता श्री मंगला जी व भोले जी महाराज ने समस्त चिकित्सालय का भ्रमण कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और किये जा रहे कार्यों व सुविधाओं की भरपूर प्रशंसा करी और साथ ही गोद लिए गए ग्रामों में हुए कार्यों के बारे में भी जाना।





# CSR विजिट्स

सोसाइटी को कई प्रमुख कंपनियों से CSR पहल के अंतर्गत सहयोग मिलता आ रहा है जिससे कई परियोजनाएं सफलतापूर्वक धरातल पर आई हैं। इसी सन्दर्भ में इन कंपनियों के प्रतिनिधि अपने द्वारा दिए जा रहे सहयोग के उपयोग व कार्यान्वयन के अवलोकन के लिए प्रवास पर आते रहते हैं और सोसाइटी द्वारा किये जा है कार्यों से अत्यधिक प्रभावित व मुदित हो जाते हैं एवं संतुष्ट हो कर जाते हैं।



**वाघ बकरी फाउंडेशन के DGM CSR श्री अजय सिसिलिया जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए धर्मावाला चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रमोद शर्मा**




**एल.आई.सी. कॉर्पोरेशन के CSR Regional Lead श्री संदीप त्रिपाठी, सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल के साथ**



**द न्यू इण्डिया एश्योरेन्स, देहरादून के प्रतिनिधि श्री धरम वीर जुंड जी (Chief Regional Manager),**
**श्री राजवीर जी व श्री अंकुर जी सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज के साथ**

# सेवांकुर भारत

मार्च माह का अंतिम सप्ताह सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय के लिए एक अप्रतिम अनुभूति लेकर आया जब सेवांकुर भारत के 300 से उपर का सदस्यीय दल अपने "वन वीक फॉर नेशन" कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे यहाँ एक सप्ताह के प्रवास पर आया।

- अपने उद्देश्य के अनुरूप सेवांकुर की टीम इस कार्यक्रम के माध्यम से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों में राष्ट्र प्रेम के साथ–साथ मूल्य आधारित नैतिक चिकित्सा पद्धति और सामाजिक जागरूकता के सिद्धांतों को विकसित करती है।
- हर वर्ष यह कार्यक्रम ऐसे प्रेरक स्थानों पर आयोजित किया जाता है जो की प्रेरणा स्वरुप होते है और इस बार यह अवसर सोसाइटी को प्राप्त हुआ।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस दल ने चिकित्सालय में अनुभव प्राप्त करने के अतिरिक्त जनजातीय बहुल पहाड़ी एवं दुर्गम ग्रामों में प्रवास भी किया जहाँ निःशुल्क चिकित्सा शिविर और स्वस्थ जीवन यापन पर जागरूकता सत्र भी लिए।
- कार्यक्रम के दौरान द हंस फाउंडेशन से पूज्य माता श्री मंगला जी व भोले जी महाराज, RSS के सह सरकार्यवाह माननीय डॉ कृष्ण गोपाल जी, भारत की प्रख्यात बांझपन उपचार (IVF) और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा हिंदुजा व उनके परिवारजन व अन्य कई गणमान्य जनों ने प्रतिभाग किया।
- प्रवास के दौरान एक दिवस संध्या काल में इन सेवांकुरों के लिए माननीय डॉ कृष्ण गोपाल जी के द्वारा एक अनौपचारिक रोचक सत्र लिया गया जिसमे जीवन से जुड़ी चुनौतियों व जीवनशैली सम्बंधित प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का उनके द्वारा बड़ी ही सहजता व सरलता से उपयुक्त व संतुष्टिदायक उत्तर उदाहरण सहित प्रफुल्लित वातावरण में दिया गया।
- इस प्रवास का समापन एक अति मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ जिसमे हमारे अतिथियों के द्वारा रामायण का मंचन किया गया जिसके उपरांत धर्मावाला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा पारंपरिक उत्तराखंडी लोक नृत्य प्रस्तुत किये गए सभी उपस्थित जनों को थिरकने पर बाध्य कर दिया व वातावरण को प्रफुल्लित कर दिया।



**SVHM धर्मावाला स्टाफ द्वारा सेवांकुर भारत की टीम का स्वागत**



**"एक सप्ताह देश के नाम" कार्यक्रम का लोकार्पण**



**अतिथि भोजन ग्रहण करते हुए**



**सेवांकुर भारत द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति**



**दैनिक योग एवं ध्यान**



**डॉ. कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, RSS**






**पूज्य माता श्री मंगला जी एवं भोले जी महाराज, द हंस फाउंडेशन**

# सेवांकुर भारत के सदस्यों द्वारा गाँवों का प्रवास एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन

## विकास खण्ड कालसी एवं चकराता में कुल केंद्र 18, कुल लाभान्वित गाँव 125







# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियाँ




SVHM स्टाफ द्वारा जौनसारी एवं गढ़वाली लोक नृत्य की प्रस्तुति



सेवांकुर भारत द्वारा रामायण की प्रस्तुति

# चार धाम सेवाएँ

## श्री बद्रीनाथ धाम एवं श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालयों में डॉक्टरों की स्वैच्छिक सेवाएँ

मानवता की सेवा करने और अपने परोपकारी लक्ष्यों को साकार करने का उत्साह इन अद्भुत मनुष्यों को हमारे धाम चिकित्सालयों की ओर ले कर आया। इन्हें धन या प्रसिद्धि की कोई महत्वाकांक्षा नहीं थी। इन महान आत्माओं ने तीर्थयात्रियों की सेवा पूर्ण समर्पण, विशेषज्ञता और निपुणता से की, और अगले वर्ष फिर से सेवा करने के लिए आने की उत्कृष्ट इच्छा के साथ रवाना हुए, और हमारे ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्वजवाहक बने।

**अपील:** हमारे चार धाम चिकित्सालयों में स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सोसाइटी द्वारा की गई सार्वजनिक अपील को उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली और बड़ी संख्या में डॉक्टर, मानव परोपकार की भावनावश कार्य हेतु आगे आये। सोसाइटी इस अनुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया से उत्साहित है और आशा करती है कि अगले वर्ष भी यह उपलब्धि दोहराई जाएगी।

1. डॉ विश्वजीत बेम्बी, फिजिशियन, मेरठ
2. डॉ. वीना अग्रवाल, नेत्र रोग सर्जन, कोरबा, छत्तीसगढ़
3. डॉ हिमालय गर्ग, फिजिशियन, जोधपुर
4. डॉ मनोज गौड़, कार्डियोलॉजिस्ट, दिल्ली
5. डॉ बीना कांबले, फिजिशियन, पुणे
6. डॉ आशीष कुमार दीक्षित, फार्माकोलॉजी, लखनऊ
7. लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ राधाकांत नाथ, फिजिशियन, हरियाणा
8. डॉ जे वेंकट गोपी, फिजिशियन, हैदराबाद
9. डॉ बी के सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ, नई दिल्ली
10. डॉ राघव राम सुकुल, नेत्र रोग सर्जन, लखनऊ
11. डॉ श्रीकांत एस, जो की SVHM व AIIMS ऋषिकेश के collaboration के तहत DM (High Altitude Medicine) कर रहे हैं
12. डॉ शालू गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ, दिल्ली
13. डॉ सत्येन्द्र सिंह मीना, इमरजेंसी विशेषज्ञ, दिल्ली
14. डॉ राहुल भास्कर, फिजिशियन, दिल्ली
15. डॉ अभिषेक यादव, एम–डी –रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, दिल्ली
16. डॉ गौरव राजवंशी, इमरजेंसी विशेषज्ञ, दिल्ली
17. डॉ अविनाश सुन्थालिया, एम–डी –मेडिसिन, दिल्ली
18. डॉ प्रिंस गोयल, फिजिशियन, हरियाणा
19. डॉ. सौरभ मंगला, फिजिशियन, वड़ोडरा
20. डॉ साई कृष्ण तुलसी, फिजिशियन, तेलंगाना
21. डॉ गौतम कुमार, एनेस्थेटिस्ट, नई दिल्ली
22. डॉ योगेश सिंघल, ईएनटी सर्जन, मोदीनगर
23. डॉ सौरभ गुप्ता, फिजिशियन, मोदीनगर
24. डॉ सन्तोष मिश्रा, ऑर्थोपेडिक सर्जन, मोदीनगर
25. डॉ जीधू राधाकृष्ण, इमरजेंसी विशेषज्ञ, मैंगलोर
26. डॉ अजय शोरान,ऑर्थोपेडिक सर्जन, हरियाणा

## उल्लेखनीय अनुलब्धि

### 19 सितम्बर – श्री केदारनाथ धाम

"हैंडहेल्ड बैटरी चलित एक्स रे सिस्टम (Handheld Battery Operated X ray System)"

सोसाइटी ने अपने श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय को एक अद्वितीय हैंडहेल्ड बैटरी संचालित एक्स रे सिस्टम से सुसज्जित कर एक ऐसी अनोखी उपलब्धि प्राप्त की है जो उत्तराखण्ड राज्य व सोसाइटी दोनों के लिए सर्वप्रथम है।

यह सिस्टम आपातकालीन व ICU के रोगियों/आईपीडी रोगियों/गंभीर रूप से चोटग्रस्त रोगी/ऐसे रोगी जिन्हें बेड से हिलाना संभव नहीं है या उपयुक्त नहीं है या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता आदि के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।

मात्र 2.4 किलोग्राम वजन का यह सिस्टम DR तकनीक का उपयोग करता है और एक DSLR कैमरे के रूप में कार्य करता है और इससे हाथ में उठाकर रोगी के किसी भी अंग का X ray अत्यंत सरलता व सुगमता से किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है की परिणाम तुरंत उपलब्ध होते हैं जिन्हें डॉक्टर देखकर अविलंब उपचार प्रारंभ कर सकते है।

इस सिस्टम का सरल संचालन तंत्र इसे एक व्यवहार्य और योग्य विकल्प बनाता है।

उल्लेखनीय है की सिस्टम की स्थापना के मात्र 10 दिनों की अवधि में ही कुल 292 एक्स–रे हो चुके थे।



हैंडहेल्ड बैटरी संचालित एक्स रे सिस्टम

# चार धाम सेवाएँ

## कुछ कहानियाँ सफलता और अभिमान की

### 1. श्री केदारनाथ धामः

- **श्री प्रफुल्ल सिंह**, मूर्तिकार, मुंबई जो की श्री केदारनाथ धाम में 60 क्विंटल ॐ स्थापित करने आए थे। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।




- श्री केदारनाथ धाम के दर्शन हेतु आये पुणे निवासी **श्री संजय** अपने पुत्र को साँस की तकलीफ सहित अन्य दिक्कतें लेकर चिंतित अवस्था में हमारे चिकित्सालय में आये। उनके पुत्र को तुरंत उचित उपचार प्रदान कर तकलीफ दूर करी गयी। हमारे द्वारा दिए गए उपचार और स्नेहपूर्ण देखभाल से अभिभूत होकर संजय जी ने चिकित्सालय की बहुत प्रशंसा की, आभार व्यक्त किया और वे आश्चर्यचकित भी थे इतनी ऊँचाई पर ऐसी निःशुल्क सुविधा पा कर। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।




- कोलकाता निवासी **मीना जी** को चोटिल अवस्था में उनके साथी द्वारा श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय में लाया गया। उनकी चोटों का तन्मयतापूर्वक उपचार किया गया व गिरने के कारण हाथ की हड्डी भी टूट गयी थी जिसके लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर Plaster Slab लगाया गया और दशा में सुधार होने के पश्चात् छुट्टी दी गयी। अपनी व्यथा सुनाते हुए मीना जी अत्यंत भावुक हो गयीं और चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए सेवाओं की प्रशंसा करते हुए रो पड़ीं। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।



- कोयम्बटूर निवासी **श्री प्रकाश** दर्शन को आते समय बर्फ पर फिसलने के कारण चोटिल हो गए और हमारे चिकित्सालय पहुँचे। जाँच पर उनके बाएं हाथ में फ्रैक्चर निकला जिसका हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर Plaster Slab लगाया गया। चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए गए उपचार और सेवा से अभिभूत होकर, उन्होंने चिकित्सालय की भरपूर प्रशंसा की। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।



### 1. श्री बद्रीनाथ धामः

- सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल निवासी **श्रीमती निर्मला देवी** को सांस की तकलीफ के साथ चिंताजनक स्थिति में उनके पुत्र श्री नीरज पोद्दार द्वारा हमारे श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय में लाया गया। उनका तुरंत उपचार कर स्थिर किया गया और स्वस्थ होने के पश्चात छुट्टी दे दी गयी। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।




### 1. श्री गंगोत्री धामः

- गंगोत्री धाम की यात्रा पर आये गाजियाबाद निवासी **श्री अशोक भारद्वाज** को सांस की तकलीफ के साथ चिंताजनक स्थिति में हमारे गंगोत्री धाम चिकित्सालय में स्थानीय निवासियों द्वारा लाया गया। जाँच पर पता चला की उनका ऑक्सीजन स्तर कम हो गया था जिसके बाद उनका तुरंत उपचार कर स्थिर किया गया। रोगी का अनुभव सुनने के लिए QR Code स्कैन करें।



# चार धाम सेवाएँ

**हमारे पूर्णतः निःशुल्क धाम चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य निःशुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कम्बलों का वितरण, हीटर और अलाव की व्यवस्था, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट।**

**विशेष धन्यवादः** एक अतुल्य कार्य में बैग्रीज इंडिया ग्रुप ने 141 boxes दान किए जिनमें करीब 40000 से अधिक प्रोटीन बार, शक्तिवर्धक फल, मेवे और मूसली बार आदि शामिल थे। ये सभी सामग्री स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, श्री केदारनाथ धाम के रोगियों व पवित्र मंदिर की यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए दिए गए।

**40000+** प्रोटीन बार

**5652** कम्बल

**3586** बिस्किट पैकेट

**2302** चप्पलों की जोड़ी

**132** रेनकोट




प्रोटीन बार एवं चाय-बिस्कुट का वितरण



श्रद्धालुओं को कम्बल वितरण

**12 अप्रैल, श्री केदारनाथ धाम**

## श्री केदारनाथ धाम में सोसाइटी के नए चिकित्सालय का निर्माण कार्य प्रारंभ

सोसाइटी श्री केदारनाथ धाम में गत 4 वर्षों से ICU युक्त पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सालय चला रही है और अकेले पिछले वर्ष 1,13,000 से अधिक रोगियों का उपचार किया। वर्तमान चिकित्सालय 8 बेड का है और सीमित स्थान व अभाव के चलते, प्रतिदिन औसतन 1000 तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या की देखभाल करने में कठिनाई का सामना कर रहा है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से एक 50 बेड वाला उन्नत चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है जिसमें तीर्थयात्रियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोसाइटी ने इस चिकित्सालय के लिए भूमि खरीद ली है और निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। इसी प्रकार श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय का भी विस्तार चल रहा है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।



श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय का भूमि पूजन




प्रस्तावित नवीन श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय

# धर्मावाला - अति विशिष्ट मेगा शिविर

## स्पाइन सर्जरी शिविर

**22 अप्रैल एवं 18 नवम्बर** सर्जरी : 14

### द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई द्वारा स्पाइन सर्जरी शिविर आयोजित किया गया

द स्पाइन फाउंडेशन (TSF) की टीम में डॉ शेखर वाई भोजराज, श्रीमती अर्चना भोजराज, डॉ तरुष रुस्तगी (इंडियन स्पाइनल इंजरी इंस्टीट्यूट, दिल्ली से), डॉ हर्षित दवे, डॉ शिव कुमार, डॉ दीपेंद्र तोमर (ऋषिकेश), डॉ डिंपल और श्री महेश पालन सम्मिलित थे।

**उत्तराखण्ड में पहली बार:** एक कूब (रीढ़ की हड्डी) की विकृति (Scoliosis) वाली सर्जरी भी की गयी। इस सर्जरी के लिए एक विशेष प्रकार के न्यूरोमोनिटरिंग इक्विपमेंट (उपकरण) का प्रयोग किया गया जिसे बाहर से विशेषकर इसी के लिए मंगाया गया था। सामान्यतः इस प्रकार की सर्जरी का व्यय 10 से 15 लाख रूपए आता है, जो हमारे चिकित्सालय में होप फाउंडेशन (देहरादून) के सौजन्य से निःशुल्क किया गया।





## जनरल सर्जरी शिविर

**27 मई** सर्जरी : 30

### ASI (द एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया) और UPASI (एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश चैप्टर) टीम द्वारा निःशुल्क सर्जरी शिविर आयोजित किया गया

मुख्य गणमान्यजन : डॉ. (प्रो.) आशुतोष सयाना, Dean, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज; डॉ संजय जैन (अध्यक्ष, ASI); डॉ प्रोबाल नियोगी (उपाध्यक्ष, ASI और अध्यक्ष, UPASI); डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, सामाजिक सेवा, ASI)। ASI और UPASI टीम के अन्य उपस्थित सदस्य थे: डॉ निखिल (सचिव, UPASI); डॉ विनम्र मित्तल (संयुक्त सचिव, UPASI); डॉ अंशिका (एग्जीक्यूटिव सदस्य, UPASI); डॉ जे पी शर्मा (पूर्व अध्यक्ष और एग्जीक्यूटिव सदस्य, ASI); डॉ आर श्रीनिवास कुमार एवं डॉ एस कार्तिकेयन। डॉ अनुज सिंघल ने ASI और UPASI टीम के सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया जिसमें पुष्प गुच्छ, सोसाइटी का कैलेंडर एवं वार्षिक वृत्तांत भेंट किये गए। ASI और UPASI ने भी धर्मावाला चिकित्सालय के सर्जन, ओटी और नर्सिंग स्टाफ को प्रशंसा प्रतीक के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रशांत लवानिया द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।





# यूरोलोजी शिविर

**24 अप्रैल** सर्जरी : 11





## USI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया) और NZUSI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का नॉर्थ जोन चैप्टर) द्वारा यूरोलॉजी एवं जनरल सर्जरी शिविर आयोजित किया गया

USI Cares और NZUSI Cares अपने सोशल पहल के रूप में आयोजित शिविर में प्रतिष्ठित लोगों की भागीदारी रही। इस यूरोलॉजी एवं जनरल सर्जरी शिविर का उद्घाटन डॉ अरविंद ममगाईं (न्यूरोसर्जन), डॉ शैलेन्द्र गोयल (यूरोलॉजिस्ट और कोषाध्यक्ष, NZUSI) ने किया। शिविर में भाग लेने वाले अन्य डॉक्टरों में डॉ ललित भाई शाह (USI के नवनिर्वाचित अध्यक्ष), डॉ देवेन्द्र शर्मा (जयपुर), डॉ सुभाष यादव (मेरठ), डॉ शलभ अग्रवाल (गाजियाबाद) और डॉ बृजमोहन जोशी (दिल्ली) रहे, जिन्होंने शिविर में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

**26 एवं 27 अगस्त** सर्जरी : 28

## CARES प्रोग्राम के अंतर्गत NZUSI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का नॉर्थ जोन चैप्टर) एवं UKUS (उत्तराखण्ड यूरोलॉजिकल सोसाइटी) द्वारा यूरोलॉजी शिविर आयोजित किया गया

शिविर का उद्घाटन AIIMS दिल्ली के यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अमलेश सेठ, NZUSI से उनके अध्यक्ष डॉ. विजय बोरा, सचिव डॉ. कमलजीत सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र गोयल, और UKUS के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय गोयल की उपस्थिति मे हुआ। अन्य विशिष्ट अतिथिगण थे यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज गौड़ और डॉ. अतुल खंडेलवाल। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सी.बी. वर्मा, सीनियर एनेस्थेटिस्ट, धर्मावाला चिकित्सालय ने सोसाइटी के तरफ से NZUSI द्वारा सहयोग स्वरुप OT उपकरण और वित्तीय योगदान को स्वीकार किया।





# सर्जरी शिविर

## नारायणकोटी (शिविर: 5, सर्जरी: 43)





डॉ. एम.एम. हमीदी जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ कपिल त्यागी, ओर्थोपेडिक सर्जन, डॉ राहुल, एनेस्थेटिस्ट, नोएडा एवं राकेश उनियाल, ओ टी टेक्नीशियन

## पीपलकोटी (शिविर: 4, सर्जरी: 32)



सर्जरी होती हुई

## पेटशाल (शिविर: 9, सर्जरी: 30)



सर्जरी होती हुई

## बाढ़ पीड़ितों के लिए निःशुल्क शिविर

**दिल्ली**




16,739 लाभार्थी, 45 शिविर

आपदाओं में सहायता हेतु सदैव मुखर रहते हुए सोसाइटी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्परता दिखाते हुए नियमित निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए व पीड़ितों को चिकित्सा जाँच, दवाएं व अन्य सामग्री इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करायीं। इसके अतिरिक्त महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गये।

## कांवड़ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

**दिल्ली एवं हरिद्वार**



4,181 लाभार्थी, 26 शिविर

सोसाइटी ने पावन 'कांवड़ यात्रा' के मार्गों पर चिकित्सा शिविर आयोजित किये। लाखों की संख्या में श्रद्धालु जो अधिकतर नंगे पाँव होते हैं, बहुत लंबी दूरी तय करते हैं और इस दौरान इन्हें चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए सहायता चाहिए होती है। सोसाइटी ने इन शिव भक्तों को चिकित्सा उपचार, दवाएं और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करके अपना योगदान दिया।

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
## (धर्मावाला और हरिद्वार)

धर्मावाला– शिविर : 22, यूरो सर्जरी: 277, लाभार्थी: 10,626
हरिद्वार– शिविर : 36, लाभार्थी: 5698

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सकगण

### हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट सर्जन
- डॉ राहुल चंदोला

### प्लास्टिक सर्जन
- डॉ स्वरूप सिंह गंभीर

### कार्डियोलॉजिस्ट
- डॉ महेंद्र कुमार

### गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
- डॉ वागीश बी

### ओंकोलोजिस्ट
- डॉ अंशिका अरोड़ा

### Breast ओंकोसर्जन
- डॉ नेहा महाजन

### यूरोलॉजिस्ट
- डॉ प्रशांत जैन
- डॉ प्रशांत लवानिया
- डॉ प्रदीप देब
- डॉ विकास बंसल
- डॉ देवप्रिय मित्रा
- डॉ आशुतोष कुमार सिंह
- डॉ अरविंद तिवारी
- डॉ कुंवर विशाल सिंह
- डॉ मधुकर गुप्ता

### गुर्दा रोग विशेषज्ञ
- डॉ अनिल भट्ट

### न्यूरोसर्जन
- डॉ अरविंद ममगाईं
- डॉ मयंक अग्रवाल
- डॉ शरद पाण्डे
- डॉ सचिन गोयल
- डॉ गौरव ढाकरे
- डॉ तरुनेश शर्मा

### स्पाइन सर्जन
- डॉ शेखर वाई. भोजराज
- डॉ तरुष रस्तोगी
- डॉ तौसिफ अहमद शिकलगर
- डॉ राहुल अवस्थी
- डॉ शशि भूषण

### न्यूरोलॉजिस्ट
- डॉ आदित्य वार्ष्णेय
- डॉ मुकेश कुमार झा
- डॉ सौरभ गुप्ता

### ऑर्थोपेडिक सर्जन
- डॉ नवीन अग्रोही
- डॉ प्रियांक अग्रवाल
- डॉ सर्वेश पाण्डे
- डॉ ए के जैन

### ईएनटी सर्जन
- डॉ एस पी सिंह
- डॉ दीप्ति डोगरा

### जनरल सर्जन
- डॉ संदीप बंसल
- डॉ अभय कुमार
- डॉ चन्दन

### डेंटिस्ट
- डॉ मनीष कुमार
- डॉ उषा बिष्ट
- डॉ प्रमलप्रीत कौर

### त्वचा रोग विशेषज्ञ
- डॉ यतिंदर नागयान
- डॉ राहुल अहार

### नेत्र रोग विशेषज्ञ
- डॉ वीना अग्रवाल

### मनोचिकित्सक
- डॉ जे पी नारायण
- डॉ सागर लवानिया
- डॉ तानिया गर्ग

### गायनेकोलॉजिस्ट
- डॉ प्रियंका पटेल
- डॉ शशी ठाकुर

### फिजिशियन
- डॉ एस के बख्शी
- डॉ यू एन गुप्ता
- डॉ मोतीलाल नेगी
- डॉ अशोक शर्मा
- डॉ हरीश रेड्डी

### आयुर्वेदिक फिजिशियन
- डॉ अशोक कुमार शर्मा

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
## (पेटशाल, दिल्ली और उत्तरकाशी)

पेटशाल– शिविर : 10, लाभार्थी: 528 उत्तरकाशी– शिविर : 9, लाभार्थी: 1145
दिल्ली– शिविर : 80, लाभार्थी : 1267

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सकगण

### पेटशाल

**गायनेकोलॉजिस्ट**
डॉ कुमकुम वत्स

**फिजिशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट**
डॉ नीलांबर भट्ट

**फिजिशियन**
डॉ कार्तिक भट्ट

**न्यूरोसर्जन**
डॉ शरद पांडे

**नेत्र रोग सर्जन**
डॉ पवन कुमार सिंह

**डेंटल सर्जन**
डॉ अनिल पांडे

### उत्तरकाशी

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ अभिजीत सिंह

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ अमित श्रीवास्तव

**नेफ्रोलॉजिस्ट**
डॉ अनिल भट्ट
डॉ शिप्रा प्रजापति
डॉ आदित्य कोठा

**टीबी एवं चेस्ट फिजिशियन**
डॉ रमेश चन्द्र दीक्षित

**गायनेकोलॉजिस्ट**
डॉ वंदना मिश्र

**रेडियोलॉजिस्ट**
डॉ सी. पी. एस. चौहान
डॉ गजेन्द्र सिंह

**फिजियोथेरेपिस्ट**
डॉ किरण रावत

**हृदय रोग विशेषज्ञ**
डॉ दीपक कुमार जैन

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ नकुल उपाध्याय

**जनरल फिजिशियन**
डॉ कृष्ण देव शाक्य

**ई.एन.टी. सर्जन**
डॉ वन्दना

**बाल रोग विशेषज्ञ**
डॉ संजय गुप्ता

### दिल्ली

**न्यूरोसर्जन**
डॉ शरद पाण्डे

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ नीलेश आर जाधव

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ सुमेध
डॉ मोहित सिंह
डॉ सर्वेश पांडे
डॉ यश दीक्षित
डॉ विनिका निमोदिया
डॉ शिवानी त्रिपाठी
डॉ गुंजन मल्होत्रा

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ मानसी एन. देशमुख

**जनरल फिजिशियन**
डॉ मोतीलाल नेगी

**कार्डियोलॉजिस्ट**
डॉ मनोज गौड़

**बाल रोग विशेषज्ञ**
डॉ अभिजीत साहा
डॉ शालू गुप्ता
डॉ कैलाश तमारिया

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
डॉ अभिनव पांडे
डॉ अभिषेक रस्तोगी

# सामुदायिक कार्यक्रम

## सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

### I) एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम

"खून में वृद्धि लाए जीवन में समृद्धि"





| कुल | प्रथम चरण | द्वितीय चरण (ongoing) UJVN लिमिटेड के सहयोग द्वारा | कुल आंकड़ें |
|---|---|---|---|
| हीमोग्लोबिन टेस्ट | 1805 | 3,655 | 5,460 |
| एनीमिक पाए गए | 1149 (64%) | 1,985 (54%) | 3,134 (57%) |
| उपचाराधीन लाभार्थी | 811 (71%) | 1,652 (83%) | 2,463 (79%) |

### II) My Pad (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम

"मेरी पहचान – खुद को जाने, खुद को पहचाने"

संपर्क किए गए गाँवः 176 (हमारे 80% लाभार्थी बुक्सा और जौनसारी जनजातियों के हैं)





| कुल | शुरुआत से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 8,265 | 2,720 |
| वितरित पैकेट | 39,348 | 7,200 |

हमारे इस कार्यक्रम से लगभग 3500 महिलाएं नियमित रूप से सेनेटरी पैड का उपयोग कर रही है और मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता का पालन कर रहीं हैं।

### III) किशोरियों के लिए परामर्श सत्र

प्रतिभागीः 385, पैकेट वितरितः 750

सोसाइटी मासिक धर्म स्वच्छता,और स्तन व ग्रीवा कैंसर की जाँच एवं रोकथाम पर जागरूकता सत्रों का नियमित रूप से आयोजन करती है जिनका संचालन डॉ ताराश्री सिंघल (धर्मावाला चिकित्सालय) की देख रेख में होता है। ऐसा ही एक सत्र वनवासी कल्याण आश्रम (सरस्वती विद्या मंदिर, बाबूगढ़, विकासनगर) की संचालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था।



### IV) कुंजा ग्राम में स्तन और ग्रीवा के कैंसर पर जागरूकता सत्र

प्रतिभागीः 40, सभी को निःशुल्क सेनेटरी पैड पैकेटस वितरित किए गए

सोसाइटी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता व स्तन और ग्रीवा के कैंसर की जांच और रोकथाम पर जागरूकता सत्र आयोजित करती है जो कि धर्मावाला चिकित्सालय की डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा लिया जाता है।




## बाल गोकुलम (बच्चों का साप्ताहिक संस्कार कार्यक्रम)

**धर्मावाला, पेटशाल, बड़कोट, नारायणकोटी, पीपलकोटी, हरिद्वार**

सोसाइटी नियमित रूप से बाल गोकुलम का आयोजन करती है जो बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करने की एक पहल है। इनमे हमारे चिकित्सालयों के आसपास रहने वाले तथा निकटवर्ती गाँवों के बच्चे शामिल लिए जाते हैं। बाल गोकुलम की गतिविधियों में मनोरंजक खेल, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र से कथा वाचन और योग आदि शामिल हैं।





# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

शिविर : 333, लाभार्थी : 22,169




7000 फीट की ऊँचाई पर स्थित खरसाली गाँव (यहां माँ यमुना की डोली रुकती है) बड़कोट में लगाया गया चिकित्सा शिविर




माख्टी पोखरी गाँव, धर्मावाला



नगर निगम प्राथमिक विद्यालय जोशी रोड करोल बाग, दिल्ली



जगन्नाथ आश्रम (भीम गौडा), हरिद्वार



जाल (तल्ला-मल्ला), नारायणकोटी




मैचून गाँव, पेटशाल



भेंटी गांव, पीपलकोटी



350 बस्ती, करोल बाग, दिल्ली



पाही गाँव, उत्तरकाशी

# समारोह एवं पर्व

## अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

दिनांक 22–01–2024 सोमवार के दिन अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल जी एवं डॉ. तारा श्री सिंघल जी ने हवन एवं हनुमान चालीसा के पाठ में भाग लिया। इसके उपरान्त समस्त डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने अयोध्या में हो रहे श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण को देखा व भाव विभोर हो गए। चिकित्सालय में उपस्थित सभी स्टाफ एवं रोगियों को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके प्रश्चात डॉ. अनुज सिंघल जी एवं डॉ. ताराश्री जी के नेतृत्व में एक रैली का आयोजन किया गया। समस्त डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने इस रैली में भाग लिया। भोजन के उपरान्त स्टाफ के द्वारा मंदिर में एक कीर्तन का आयोजन किया गया एवं भजन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





धर्मावाला




धर्मावाला



पीपलकोटी



हरिद्वार



पेटशाल

## अक्षत वितरण

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों द्वारा आस पास के सभी ग्रामों व क्षेत्रों में पूजित अक्षत (बिना टूटा हुआ चावल जो देवताओं की पूजा में चढ़ाया जाता है) का वितरण किया गया। इसमें एक थैली में अक्षत, राम मंदिर की एक छवि और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण भी दिया गया। इस कार्यक्रम में सारे डॉक्टर्स और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।







## वार्षिक दिवस समारोह





10 सितम्बर 2012, धर्मावाला



2 मई 2017, नारायणकोटी



21 जनवरी 2018, पीपलकोटी



24 जनवरी 2021, हरिद्वार

## होली मिलन समारोह







## मकर संक्रान्ति



## स्वतंत्रता दिवस



## गणतंत्र दिवस



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



## हिन्दू साम्राज्य दिवस




## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस





# आंकड़े

## कुल पंजीकरण





नोट: हमारे तीन चिकित्सालय (गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ), चारधाम यात्रा के समय ही कार्यरत रहते है, इसलिए इन चिकित्सालयों के आंकड़े कार्यरत रहे दिनों/महीनों के ही हैं। फिरोजाबाद चिकित्सालय की शुरूआत 22 फरवरी से हुई है।




नोट: धर्मावाला, हरिद्वार, दिल्ली, उत्तरकाशी, बड़कोट एवं डुमेट चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं।




नोट: अल्ट्रासाउंड सुविधा धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी, पेटशाल एवं उत्तरकाशी चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
TIFFA (स्तर II) स्कैन केवल धर्मावाला व हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध है।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4,90,426** पंजीकरण | **23,423** दन्त रोग | **13,777** अल्ट्रासाउंड | **984** मोतियाबिंद ऑपरेशन | **5,579** आयुर्वेद | **4,589** पंचकर्म |

# आंकड़ें

| चिकित्सालय | फिजियोथेरेपी | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 4488 | 139514 | 4762 | 15961 | 4632 | 925 |
| उत्तरकाशी | 3147 | 5164 | 39 | 1045 | 125 | 53 |
| नारायणकोटी | 413 | 10066 | 1041 | 2135 | 828 | 312 |
| बड़कोट | 139 | 5977 | 284 | 3056 | 233 | 668 |
| पीपलकोटी | 28 | 8970 | 917 | 1138 | 413 | 114 |
| बद्रीनाथ (197)* | NA | 9264 | 1705 | 755 | 768 | 55 |
| पेटशाल | NA | 7285 | 258 | 1219 | 208 | 179 |
| केदारनाथ (206)* | NA | 3485 | 20663 | 1376 | 1503 | 904 |
| हरिद्वार | 5564 | 44667 | 1591 | 3832 | 2720 | 152 |
| गंगोत्री (203)* | NA | 1621 | 2098 | 281 | 82 | 31 |
| डुमेट | NA | 956 | NA | NA | 102 | NA |
| दिल्ली | 1881 | 9221 | 709 | 561 | 4632 | NA |
| कुल | 15,660 | 2,46,190 | 34,067 | 31,359 | 11,614 | 3,393 |

* उपरोक्त आंकड़े चिकित्सालय के संचालन के कार्यरत दिवसों के हैं।

| चिकित्सालय | सर्जरी |
|---|---|
| धर्मावाला | 1523 |
| उत्तरकाशी | 9 |
| नारायणकोटी | 148 |
| बड़कोट | 16 |
| पीपलकोटी | 32 |
| पेटशाल | 35 |
| हरिद्वार | 217 |
| कुल | 1,980 |




सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएँ | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 3861 | NA | 3861 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 522 | 93 | 615 |
| एंडोस्कोपी | 460 | NA | 460 |
| ईको (ECHO) | 424 | 17 | 441 |
| ऑडियोमेट्री | 123 | NA | 123 |
| स्पाइरोमेट्री | 285 | 152 | 437 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

| 1,980 | 34,067 | 31,359 | 11,614 | 2,46,190 |
|---|---|---|---|---|
| सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | लैब जाँच |

# आंकड़ें (2012-2023)















# सोसाइटी संचालन समिति

## कार्यकारी समिति

डॉ. राकेश त्यागी
अध्यक्ष

श्री श्याम बागरी
उपाध्यक्ष

डॉ. अनुज सिंघल
सचिव

डॉ. योगेन्द्र मलिक
सह सचिव

डॉ. कपिल त्यागी
कोषाध्यक्ष

## सदस्य

डॉ. राजेंद्र कुमार ठकराल

श्री दीपक अग्रवाल

डॉ. अजय कुमार अग्रवाल

डॉ. सर्वेश कुमार टंडन

डॉ. नकुल कुमार उपाध्याय

डॉ. प्रशांत लवानिया

डॉ. राहुल चंदोला

डॉ. शरद पाण्डेय

श्री कविश जैन

## संरक्षक

डॉ. एम. सी. मिश्रा
पूर्व डायरेक्टर, AIIMS, दिल्ली

श्री विनोद पिपर्सेनिया
सेवानिवृत्त आई.ए.एस.

श्री लक्ष्मी नारायण गोयल
अध्यक्ष, सनसिटी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड

श्री गीताम्बर आनंद
अध्यक्ष एवं MD, ATS ग्रुप

## सलाहकार समिति

डॉ. दिनेश अरोड़ा

डॉ. एस. के. वर्मा

डॉ. नीलाम्बर भट्ट

डॉ. संजय शाह

डॉ. विनोद कुमार गुप्ता

डॉ. पंकज भाटिया

श्री श्रीपाल सिंह राणा

## विशेष आमंत्रित सदस्य

डॉ. ताराश्री सिंघल

डॉ. प्रशांत गुप्ता

डॉ. अनिल भट्ट

डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी

डॉ. संदीप बंसल

# भावी परियोजनाएं

- इस वर्ष यमुनोत्री में नया चिकित्सालय स्थापित करने की ओर अग्रसर है।
- वृंदावन चिकित्सालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- पीपलकोटी में चिकित्सालय के विस्तार की प्रक्रिया चल रही है जिसका भी निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।
- श्री केदारनाथ धाम में नए चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी तरह श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के विस्तार की प्रक्रिया भी चल रही है जिसका भी निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।
- धर्मावाला चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण अंतिम चरणों में है और शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। नवीन भवन में अतिरिक्त सुविधाओं में कैथ लैब, डायलिसिस यूनिट, नया ओ टी काम्प्लेक्स, ICU, नेत्र विभाग, विस्तारित ओ पी डी ब्लाक, नए प्राइवेट व सेमी–प्राइवेट वार्ड तथा आवासीय परिसर शामिल हैं।

# वित्तीय विवरण

| | |
|---|---|
| व्यक्तियों द्वारा | 5,14,48,478.00 |
| CSR के अंतर्गत | 10,26,03,123.00 |
| FCRA | 11,73,71,929.00 |
| चिकित्सालयों द्वारा | 15,28,62,052.00 |
| कुल (INR) | 42,42,85,582.00 |

| | | |
|---|---|---|
| A. | आवर्ती व्यय (Recurring Cost) | |
| | वेतन | 12,44,36,854.00 |
| | दवाईयाँ | 3,98,76,708.00 |
| | चिकित्सीय सामान | 3,51,99,534.00 |
| | भोजन इत्यादि | 56,79,600.00 |
| | अन्य | |
| B. | अनावर्ती व्यय (Non Recurring Cost) | |
| | पूंजीगत व्यय | 3,31,42,157.00 |
| | चिकित्सीय उपकरण | 18,89,26,353.00 |
| | अन्य सामग्री | 1,76,15,428.00 |
| | कुल (INR) | 44,48,76,634.00 |



पूज्य माता श्री मंगला जी

THE hans FOUNDATION

(ग्रामीण भारत सहायता ट्रस्ट)

द हंस फाउंडेशन, एक चैरिटेबल ट्रस्ट फंड है जिसे भारत में नॉन प्रॉफिट संगठनों के हर प्रकार की सहायता एवं दान का स्रोत प्रदान करने के लिए बनाया गया है और इनके फंडों की सहायता से भारत में सैकड़ों चैरिटेबल संगठनों को वित्त पोषित किया जाता है।



पूज्य भोले जी महाराज

2009 में स्थापित, वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकलांगता और आजीविका के क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों के लिए कार्य कर रहा है और साथ ही कई गैर–लाभकारी संगठनों को धन भी प्रदान कर रहा है। पिछले दस वर्षों में द हंस फाउंडेशन ने अब तक 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 से अधिक गैर सरकारी संगठनों को वित्त पोषित किया है, जिससे देश में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हुआ है।

SVHM सोसाइटी के "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को द हंस फाउंडेशन के उदार समर्थन के बिना यथार्थ नहीं किया जा सकता था, जिसने आर्थिक सहायता देने के अलावा, हमारी सोसाइटी को आवश्यक उपकरण और अन्य स्रोत भी उपलब्ध कराए है।

# हमारे सहयोगी संगठन

- सेवा इंटरनेशनल INC (USA)
- माइक्रोटेक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
- श्री जगन्नाथ प्रसाद गणेशी लाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट समिति, वृंदावन, मथुरा
- वाघ बकरी फाउंडेशन, गुजरात
- Petronet LNG लिमिटेड, नई दिल्ली
- PTC फाउंडेशन ट्रस्ट (पीटीसी इंडिया लिमिटेड)
- कौशल्या देवी जैन, विकासनगर, देहरादून
- श्री गणेशीलाल गोदावरी देवी ट्रस्ट, मथुरा
- Futuristic मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, यू.पी.
- Bagrry's Holding लिमिटेड, दिल्ली
- हल्दीराम स्नैक्स प्रा. लि., नोएडा
- JMS माइनिंग प्रा.लि., पश्चिम बंगाल
- LIC हाऊसिंग फाईनैंस लि., मुम्बई
- New India एश्योरेंस कम्पनी लि., मुम्बई
- Virgo लैमिनेट्स लि., चण्डीगढ़
- आनंदा एंटरप्राइजेस इंडिया प्रा. लि., हिमाचल प्रदेश
- Asclepius Wellness प्रा. लि., नई दिल्ली
- Max Healthcare लि., गुरुग्राम
- Nuberg Engineering लि., नोएडा, हरियाणा
- UJVN लि., देहरादून
- यथार्थ हॉस्पिटल एण्ड Trauma केयर, ग्रेटर नोएडा

SVHM सोसाइटी सभी दानदाताओं और सहयोगी संगठनों के अटूट समर्थन और सहायता के लिए अत्यधिक ऋणी है। उपरोक्त सूची उन्हें सम्मान और सराहना देने के लिए हमारा एक नेक प्रयास है, हालाँकि स्थान के अभाव के कारण सभी का नाम देना संभव नहीं था पर सोसाइटी उनके प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता और आभार प्रकट करती है।

**आपका विश्वास हमारी सेवा की नींव है**

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

### चार धाम साथी ऐप
डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256IFSC
Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

### दान देने के लिए
स्कैन करें

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealth missi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल, सचिव, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001